हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 13 फरवरी 2026

06 लोकल ट्रक भाड़े तय करने हेतु ट्रक ऑपरेटर...



07 दो चरणों में होगी जनगणना मकान सूचीकरण...





## खबर संक्षेप

### शिव रात्रि पर वाहनों का नगर में प्रवेश निषेध रहेगा

**खुरई।** बुधवार को महा शिवरात्रि पर भगवान भोले नाथ की महाबारात को लेकर एसडीएम मनोज कुमार चौरसिया की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। एसडीओपी प्रवीण अष्ठाना, थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह, संतोष सिंह भी शामिल रहे। बैठक में शिवरात्रि पर सुबह से भूतेश्वर मंदिर की व्यवस्थाओं सहित शिव बारात निकलने और रात्रि के अन्य कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की। समिति और प्रशासनिक अधिकारियों ने बिंदुबार सभी विषयों पर चर्चा करते हुए निराकरण के साथ योजना बनाई। शिव रात्रि को सुबह से रात तक सभी प्रकार के वाहनों का नगर में प्रवेश निषेध रहेगा। एसडीओपी अस्थाना ने बताया कि प्रभार लेने कानून व्यवस्था बनाए रखना पहली प्राथमिकता होगी।

### खनिज विभाग द्वारा अवैध परिवहन पर कार्रवाई

**सागर।** जिले में अवैध खनन एवं अवैध परिवहन को रोकने के उद्देश्य से कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशानुसार लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज खनिज विभाग द्वारा बीना क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए डम्पर को जप्त कर प्रकरण दर्ज कार्यवाही की गई। वाहन को थाना भानगढ़ में खड़ा किया गया है। जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध इस प्रकार की सख्त कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

### जनगणना कार्य के लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति गठित

**सागर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संदीप जी.आर. द्वारा जनगणना कार्य के सफल एवं सुचारू संचालन के उद्देश्य से जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति का गठन किया गया है। यह आदेश मध्यप्रदेश शासन एवं जनगणना कार्य निदेशालय, भोपाल के निर्देशों के परिपालन में जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार कलेक्टर संदीप जी.आर. को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है, जो जिले के समस्त विभागों के अधिकारियों से जनगणना संबंधी कार्य समयबद्ध रूप से संपादित कराएंगे तथा सतत मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी निभाएंगे। अपर कलेक्टर, सागर को जिला जनगणना अधिकारी के रूप में समिति का सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है। समिति में जिला योजना/सांख्यिकी अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, परियोजना अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण तथा जिला जनसंपर्क अधिकारी को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। सभी सदस्यों को जनगणना के विभिन्न चरणों में अपने-अपने विभागीय दायित्वों का निर्वहन करते हुए सफल संचालन एवं पर्यवेक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### विवि के इतिहास विभाग के सात विद्यार्थी यूजीसी नेट परीक्षा में सफल

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्व विद्यालय के इतिहास विभाग में अध्ययनरत एम.ए. के सात छात्रों ने यूजीसी नेट परीक्षा पास की, जिसे विभागाध्यक्ष प्रो. अशोक अहिरवार ने एक बड़ी उपलब्धि मानते हुए सभी यूजीसी नेट पास किए गए छात्रों को विभागीय शिक्षकों के साथ मिलकर छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए मिठाई खिलाई और प्रसन्नता व्यक्त की। छात्रों में खुशबू जैन, मनीष पटैल, दुर्गेश सिह, पृथ्वी राज, हर्ष कोरी, कुमारी प्रियंका, राखी जैन की इस उपलब्धि पर बोलते हुए कहा कि यह विभाग के एम.ए. में अध्ययनरत छात्रों की बहुआयामी प्रतिभा एवं अपने परिवेश के परिपेक्ष्य को समझने का ही परिणाम है कि उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है इससे अन्य छात्रों को प्रेरणा प्राप्त होगी।

## भारत के पास धर्म आस्था व कर्म की पूंजी प्रचुरता में है : डॉ. सीरोठिया

# अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के विकास की चिंता करते हुए उसे आगे बढ़ाना ही पंडित दीनदयाल जी का अंत्योदय है: शरद सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जब आप किसी ऐसे व्यक्ति को जानना चाहते हैं जो दुखों से निकलता हुआ, गुजरता हुआ अडिग और मजबूत हो जाता है तो आपको पंडित दीनदयाल उपाध्याय को अवश्य पढ़ना चाहिए क्योंकि उनके जीवन को जानने के बाद आपको अपने सारे दुख छोटे लगने लगते हैं। यह बात एकात्म मानवतावाद और भारतीय राजनीति के कुशल विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर हिन्दी साहित्य भारती महाकौशल प्रांत की सागर इकाई द्वारा बुधवार को तिली स्थित घरोंदा आश्रम के सभागार में आयोजित समारोह में विदुषी वक्ता सुप्रसिद्ध विचारक सुश्री डॉ.शरद सिंह ने मुख्य अतिथि की आसंदी से अपने वक्तव्य में कही। उन्होंने कहा कि पंक्ति के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के विकास की चिंता करते हुए उसे विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाना ही पंडित दीनदयाल जी का अंत्योदय है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ गीतकार डॉ. श्याम मनोहर सीरोठिया ने कहा पंडित दीनदयाल जी का मानना था कि भारत के पास भौतिक पूंजी की कमी हो सकती है



लेकिन उसके पास धर्म आस्था व कर्म की पूंजी प्रचुरता में है। भारत की भले ही पूंजीवाद व समाजवाद में कोई भूमिका नहीं हो लेकिन उनके दोषों को दूर करने में भारत का स्थान प्रमुख है। आत्मबोध के बाद व्यक्ति को आत्म कल्याण करना होता है पर पंडित दीनदयाल जी को आत्मबोध से देश कल्याण की भावना का उदय हुआ तथा जीवन पर्यंत वह उनके साथ ही रहा।इस अवसर पर वरिष्ठ बुंदेली कवि बिहारी सागर की नवीन कृति बुंदेली माहुलिया का विमोचन भी किया गया। जिस पर समीक्षक वक्तव्य में वरिष्ठ समालोचक पी आर मलैया ने कहा कि जब आप बिहारी जी की रचनाओं को पढ़ेंगे तब लोक के वात्सल्य, हास्य, प्रेम व क्रोध की भावनाओं की उपस्थिति उनमें पाएंगे। उन्होंने सामाजिक व्यवस्थाओं के साथ राजनीतिक व धार्मिक मान्यताओं पर भी प्रहार किया है।

कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रुतिमुद्रा संस्था की अध्यक्ष डॉ. कविता शुक्ला ने भी अपने विचार रखते हुए आयोजन की सराहना की।

घरौंदा आश्रम की संचालिका सुश्री प्रीति यादव ने अपने भावपूर्ण वक्तव्य में कहा कि दिव्यांग जनों की सेवा करना ही ठाकुर जी की सेवा करना है इसलिए मैंने आजीवन यह सेवा करने का प्रण लिया है. इस रास्ते पर बहुत कठिनाइयां है लेकिन फिर भी मैंने यह कठिन मार्ग चुना है क्योंकि यह ईश्वर तक पहुंचाने का मार्ग है।

कार्यक्रम की शुरुआत दिव्यांग बालक सूरज द्वारा की गई मधुर सरस्वती वंदना और अतिथियों द्वारा दीनदयाल जी के चित्र पर पुष्पहार अर्पण से हुई। आयोजक संस्था हिन्दी साहित्य भारती के अध्यक्ष कवि अम्बिका यादव ने कार्यक्रम परिचय व स्वागत भाषण दिया। सचिव दामोदर प्रजापति ने पं. दीन दयाल उपाध्याय के जीवन परिचय का वाचन किया। इस अवसर पर नव युवा लेखक भानु प्रताप यादव गढ़पहरा एवं अटल अलंकरण से उप राष्ट्रपति से सम्मानित युवा पारंग शुक्ला का अभिनंदन भी किया गया। आट्र्स एवं कामर्स कालेज के प्राध्यापक डॉ. अमर जैन ने व्यवस्थित संचालन किया तथा संस्था के मीडिया प्रभारी मुकेश तिवारी ने आभार प्रदर्शन किया।



### खुरई में 3.6 किलो गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार

**खुरई ।** शहरी पुलिस ने आचार्य विद्यासागर तिराहा के पास घेराबंदी कर एक शख्स को साढ़े तीन किलो से ज्यादा गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी इस गांजे को कहीं बेचने की फिराक में खड़ा था। थाना प्रभारी योगेन्द्र सिंह दांगी को खबर मिली थी कि सागर रोड पर एक आदमी बड़े थैले में गांजा लेकर ग्राहक का इंतजार कर रहा है। पुलिस ने फौरन टीम भेजी और हुलिए के आधार पर आरोपी को धर दबोचा। पूछताछ में उसने अपना नाम बलराम अहिरवार निवासी खुरई बताया। जब पुलिस ने बलराम के थैले की तलाशी ली, तो उसमें 3 किलो 600 ग्राम गांजा मिला। जब्त किए गए गांजे की कीमत करीब 36 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि वह यह गांजा कहां से लाया था और शहर में इसे किसे बेचने वाला था।

### शादी समारोह में जा रहा था परिवार रास्ते में ट्रक को ओवरटेक करते समय हो गई अनहोनी

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में बुधवार कि रात फोर व्हीलर और एक ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई जिसमें एक लड़की की जान चली गई। और ड्राइवर सहित चार लोग घायल है जिन्हें इलाज के लिए सागर जिला अस्पताल भेजा गया जो परिवार सड़क हादसे का शिकार हुआ है वह शादी समारोह में शामिल होने के लिए इंदौर से अपने घर दमोह लौट रहा था लेकिन घर पहुंचने से करीब 30 किलोमीटर पहले ही हादसे का शिकार हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इन्दौर से कार से दमोह जा रहे परिवार का गढाकोटा के दमोह सागर रोड स्थित राजिस्थानी ढाबा के आगे दमोह से आ रहे ट्राले से एक्सीडेंट हो गया जिसमें कार में सवार एक युवती कि दर्दनाक मौत हो गई वहीं कार में सवार ड्राइवर सहित अन्य चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना ओवर टेक होनी बताई जा रही है घटना कि जानकारी लगते ही मौके पर थाना पुलिस और 108 घटना स्थल पर पहुंची ओर घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गढाकोटा लाया गया और सभी घायलों को सागर रेफर किया गया वहीं मृतिका का शव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गढाकोटा के मर्चुरी हाउस में सुरक्षित रखवाया गया है। यह परिवार रेलवे अस्पताल के पीछे के रहने वाला बताया जा रहा है जो इन्दौर में रहता है और शादी के लिए दमोह जा रहा था। जांच जारी है।



## स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर 1 आने की तैयारी

### दिन के साथ-साथ अर्धरात्रि तक और फिर तड़के 4 बजे से ही सफाई अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

स्वच्छता सर्वेक्षण में एक बार फिर शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए रहली नगरपालिका ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। नगर में स्वच्छता का 'परीक्षाकाल' शुरू हो चुका है, जिसके चलते प्रशासनिक स्तर पर कई अहम फेरबदल किए गए हैं।

कड़ाके की ठंड के बावजूद नगर पालिका की टीम चौबीसों घंटे मुस्तैद नजर आ रही है। सफाई की रणनीति को इतना आक्रामक बनाया गया है कि अब दिन के साथ-साथ अर्धरात्रि तक और फिर तड़के 4 बजे से ही सफाई अभियान शुरू कर दिया जाता है।सफाई दरोगा महेश ठाकुर ने बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष देवराज सोनी के स्पष्ट निर्देशों और सीएमओ धनंजय गुमास्ता के कुशल मार्गदर्शन में पूरी टीम मिशन मोड में काम कर रही है।

रात्रि अभियानः बाजारों और मुख्य सड़कों पर रात 12 बजे तक कचरा संग्रहण और सफाई।मॉर्निंग शिफ्टः सुबह 4 बजे से ही सड़कों की झाड़ू और कचरा उठाव शुरू।

प्रशासनिक बदलावः सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कार्यप्रणाली में बदलाव किए गए हैं ताकि हर वार्ड पर पैनी नजर रहे।

#### मेहनत लाएगी रंग?

नगरपालिका प्रशासन की इस सक्रियता से स्थानीय निवासियों में भी सकारात्मक संदेश जा रहा है। अधिकारियों का मानना है कि इस बार की तैयारी पिछली बार से अधिक संगठित है। अब देखना यह होगा कि कड़ाके की सर्दी में पसीना बहा रही यह टीम रहली को स्वच्छता के शिखर पर वापस स्थापित करने में कितनी सफल होती है।

## क्षतिग्रस्त सड़कों के उन्नयन व सुदृढ़ीकरण हेतु पूर्व गृहमंत्री ने प्राधिकरण को पत्र लिखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

खुरई विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित 9 क्षतिग्रस्त सड़कों के सुदृढ़ीकरण और उन्नयन कराए जाने को लेकर पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने मप्र ग्राम सड़क विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पत्र लिखा है। इनमंश से अधिकतर मार्ग बड़ी और लंबी सड़कों से कनेक्टिविटी हो जाने के कारण भारी वाहनों के आवागमन से क्षतिग्रस्त हुए हैं।

पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने मप्र ग्राम सड़क विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि खुरई और मालथौन विकासखण्डों में प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्मित मार्गों और पीडब्ल्यूडी विभाग की सड़कों से लंबे रूट निर्मित हो गये हैं।



इन पर से भारी वाहनों के आवागमन हो जाने से 9 सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं जिससे क्षेत्र के नागरिकों को असुविधा और दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने लिखा है कि इन 9 सड़कों को शीघ्र मजबूतीकरण और उन्नयन की आवश्यकता है।

अपने पत्र में पूर्व गृहमंत्री ने जिन मार्गों के सुदृढ़ीकरण और उन्नयन की मांग की है उनमें मालथौन विकासखण्ड के 7 मार्ग शामिल हैं तथा खुरई विकासखण्ड के 2 मार्ग शामिल हैं। इनमें मालथौन विकास खण्ड के एनएच 44-उप्र सीमा से किशनगढ़-माहुलखास-भटनोरा-सीपुरखास-कुंवरपुरा-बेसरातिराहा-दुगाहांकला-दुगाहाखर्दसे नरेन नदी मार्ग, एनएच 26 से बरोदियाकलां से मड़ावनपायक-मड़ावनगौरी-परसोन मार्ग, इमलिया-आसोली मार्ग उन्नयनीकरण,दुगाहांकलां-झौलसी मार्ग उन्नयनीकरण, झींकनी-चंद्रापुर मार्ग उन्नयनी करण, रजवांस-हड़ली मार्ग उन्नयनीकरण, एनएच 26-अटाटीला मार्ग पर पुल निर्माण तथा खुरई विकासखण्ड के बांदरी-जरुआखेड़ा मार्ग से बूधौन-कुमरोल-धनौरा मार्ग और एनएच 934 से टीहर-रुसल्ला-सिलारपुर-सिलगांव मार्ग शामिल हैं।



### गेहूं की बालियों में भराव के दौरान तापमान बढ़ा, अब किसान चिंतित

**खुरई।** फरवरी के दूसरे सप्ताह में तापमान में बढ़ोत्तरी होने से न केवल ठंड का असर कम हुआ है बल्कि दिन की धूप तीखी होने लगी है, जिससे लोगों को ठंड से तो राहत मिली है लेकिन फसलों पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। जिससे किसानों की चिंताएं बढ़ गई हैं। दरअसल इस वर्ष गेहूं, चना की बोवनी विलंब से हुई थी, जिससे अभी गेहूं में बालियां आना शुरू हुई हैं, जिनमें दानों का भराव होना है। ऐसे में ठंड बेहद जरूरत होती है लेकिन बालियों में दानों के भराव के समय ठंड का असर कम हुआ है, दिन की धूप तीखी होने लगी है। किसानों का मानना है कि यदि इस समय तापमान में बढ़ोत्तरी होगी तो दाने का भराव अच्छा नहीं होगा, जिससे उत्पादन प्रभावित होगा। दूसरी ओर चने में इस समय फूल लग रहे हैं। अधिक तापमान होने से फूल के मुरझाने या झड़ने की आशंका बढ़ जाती है। बुधवार को अधिकतम तापमान 28 व न्यूनतम तापमान 14 डिग्री रहा। दिन में हो रही तीखी धूप से खेतों की मिट्टी सूख रही है, किसान मिट्टी में नमी बनाए रखने सिंचाई तो कर रहे हैं लेकिन कई किसानों के जलस्त्रोतों का जलस्तर कम होने से सिंचाई नहीं हो पा रही है।

### बीना नदी से अवैध सिंचाई पर नपा का एक्शन, सीएमओ ने 4 मोटरें जब्त कीं, बोले- गर्मी में नहीं होने देंगे जल संकट

**खुरई।** बीना नदी से अवैध रूप से सिंचाई किए जाने का मामला सामने आने के बाद सीएमओ राजेश मेहतेले ने गुरुवार दोपहर टीम के साथ नदी क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान सिंचाई में लगी चार मोटर जब्त की गईं और किसानों को चेतावनी दी गई। बता दें कि, बीना नदी के संचित जल से अवैध सिंचाई को लेकर खबर प्रकाशित की थी। मामला सामने के बाद यह कार्रवाई की गई। सीएमओ राजेश मेहतेले और उपयंत्री शैलेंद्र सिंह ने नदी के उस हिस्से का जायजा लिया जहां नगर की जलापूर्ति के लिए पानी स्टोर किया जाता है। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद जल आपूर्ति प्रभारी रामगोपाल अहिरवार को निर्देश दिए कि संचित जल का उपयोग केवल और केवल नगरवासियों की प्यास बुझाने के लिए ही किया जाए। सीएमओ ने सख्त लहजे में कहा कि आसपास के किसी भी किसान को संचित जल का उपयोग खेती के लिए करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्टॉपेज में पानी का स्तर बनाए रखने के लिए विशेष निगरानी रखी जाए और नदी के ऊपरी हिस्से में रुके हुए पानी को भी मुख्य स्टॉपेज की ओर मोड़ने की व्यवस्था की जाए। सीएमओ मेहतेले और नगर पालिका अध्यक्ष नन्हीबाई अहिरवार ने शहरवासियों को आश्वस्त किया कि इस वर्ष गर्मियों के दौरान खुरई में जल संकट की स्थिति नहीं बनेगी। उन्होंने कहा कि नगर में स्वच्छ और पर्याप्त जल की आपूर्ति निरंतर जारी रहेगी। हालांकि, उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे पानी का मूल्य समझें, इसका सदुपयोग करें और व्यर्थ की बर्बादी रोककर जल संरक्षण में सहयोग दें।

### कृषि रथ पहुंचा ग्राम बरोदिया नौनगर, किसानों को दी गई उन्नत खेती की जानकारी

**सागर।** विकासखंड खुरई की ग्राम पंचायत बरोदिया नौ नगर में कृषि रथ पहुंचा, जहां किसानों को आधुनिक एवं उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर भगवान सिंह ठाकुर द्वारा पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने किसानों को नरवाई न जलाकर उससे भूसा बनाने, इसके उपरांत गहरी जुताई कर बची हुई नरवाई को मिट्टी में मिलाकर कार्बन की मात्रा बढ़ाने की सलाह दी।



### निगमायुक्त ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक ली, बकायादारों पर सख्ती के निर्देश

**सागर।** नगर पालिक निगम सागर के निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने गुरुवार को राजस्व विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक लेकर बकाया राजस्व वसूली में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी, कार्यालय अधीक्षक मनोज अग्रवाल, सभी वार्डों के राजस्व निरीक्षक एवं कर संग्राहक उपस्थित रहे। निगमायुक्त ने संपत्तिकर, जलकर, कचरा प्रबंधन शुल्क तथा नगर निगम की दुकानों के किराए की लंबित बकाया राशि की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन उपभोक्ताओं एवं व्यापारियों द्वारा निर्धारित कर एवं शुल्क जमा नहीं किया गया है, उन्हें तत्काल नोटिस जारी किए जाएं। साथ ही, निर्धारित समय सीमा में भुगतान न करने वाले बकायादारों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी करसंग्राहकों को अपने-अपने वार्डों में शत-प्रतिशत लक्ष्य के अनुरूप वसूली करने के निर्देश दिए गए। निगमायुक्त ने चेतावनी दी कि लक्ष्य के अनुरूप वसूली न करने वाले तथा कार्य में उदासीनता बरतने वाले करसंग्राहकों की दो वेतनवृद्धि रोकी जाएगी। बैठक में कम वसूली वाले वार्डों की विशेष समीक्षा करते हुए संबंधित करसंग्राहकों को अंतिम चेतावनी जारी की गई। निगमायुक्त ने यह भी निर्देशित किया कि नगर निगम की दुकानों के किरायेदारों द्वारा बकाया राशि जमा न करने की स्थिति में तालाबंदी (सीलिंग) की कार्रवाई प्रारंभ की जाए।

## जैविक गुड़ उत्पादन की यूनिट देख प्रभावित हुए कलेक्टर

# कलेक्टर ने जैसीनगर के नयाखेड़ा में लगाई ग्राम चौपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर संदीप जी.आर. ने अधिकारियों के साथ जैसीनगर के नयाखेड़ा पहुंचकर ग्राम चौपाल लगाई, जिसमें ग्रामवासियों से स्थानीय समस्याओं एवं व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की एवं मौके पर ही उनके निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विवेक के.वी. सहित सभी विभाग प्रमुख मौजूद थे। कलेक्टर संदीप जी.आर. लगातार जिले में जिले वासियों की समस्याओं को दूर करने के लिए कार्य कर रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में उन्होंने जैसीनगर के नयाखेड़ा गांव में ग्राम चौपाल लगाई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने अपनी समस्याएं बताईं। ग्रामवासियों की प्रमुख समस्या में फसलों को जंगली सूअरों द्वारा नुकसान किया जा रहा है, जिसमें उन्होंने शासन की योजना के अंतर्गत फेंसिंग करने की बात रखी, जिस पर कलेक्टर श्री संदीप



जी.आर. द्वारा तत्काल संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि फेंसिंग के लिए तत्काल योजना तैयार करें।

कलेक्टर संदीप जी.आर. ने ग्रामवासियों से कहा कि अपने-अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें एवं डॉक्टर-इंजीनियर बनाएं, इसके लिए हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्राम में एवं उसके आसपास सभी किसान अपने-अपने खेत पर प्राकृतिक/जैविक खेती अवश्य करें, जिससे न केवल आय में वृद्धि होगी बल्कि स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। साथ ही उन्होंने “एक बगिया मां के नाम” के अंतर्गत फलदार पौधे लगाने का भी सुझाव दिया।

कलेक्टर संदीप जी.आर. द्वारा जनपद पंचायत अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह ठाकुर व बड़ी संख्या में कृषकों सहित खेत पर जैविक गुड़ निर्माण इकाई का भ्रमण किया गया एवं गुड़ निर्माण की प्रक्रिया को देखकर कलेक्टर द्वारा निर्माण इकाई की सराहना की गई तथा इस निर्माण इकाई के प्रचार-प्रसार करने एवं अन्य किसानों को भी इससे प्रेरित होकर कार्य करने के लिए कहा। ग्राम मिडवासा में उद्यानिकी विभाग की योजना का कैंप लगाने के भी आदेश दिए, साथ ही कलेक्टर ने फलोद्यान लगाने पर भी जोर दिया।

इस अवसर पर धीरज सिंह ठाकुर, एसडीएम जैसीनगर रोहित वर्मा, उपसंचालक कृषि राजेश त्रिपाठी, जनपद सीईओ जैसीनगर, उपसंचालक उद्यानिकी पी.एस. बड़ोले, तहसीलदार जैसीनगर, परियोजना संचालक एम.के. प्रजापति सहित समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### शक्ति पाठक को सौंपी जिम्मेदारी

**ललितपुर।** भारतीय महिला अधिकार संरक्षण संस्थान ने महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्रा एवं महिला प्रकोष्ठ राष्ट्रीय महासचिव रेखा तिवारी के अनुमोदन एवं मंडल प्रभारी प्रमोद बबेले की संस्तुति पर जिले की वरिष्ठ महिला समाजसेवी शक्ति पाठक को संगठन में महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। संस्थान द्वारा जारी मनोनयन पत्र के माध्यम से उन्हें क्षेत्रीय अध्यक्ष (कानून), बुंदेलखंड प्रांत के पद पर मनोनीत किया गया है। संस्थान के राष्ट्रीय नेतृत्व की ओर से जारी पत्र में बताया गया है कि श्रीमती शक्ति पाठक का मनोनयन संगठन के अभियान को मजबूती प्रदान करने, महिलाओं के अधिकारों की रक्षा तथा उन्हें न्याय दिलाने के उद्देश्य से किया गया है। संस्थान को आशा है कि वे संगठन की नीतियों एवं उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करते हुए महिला अधिकार संरक्षण अभियान का विस्तार करेंगी और इसके कार्यों को सुदृढ़ करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगी। उल्लेखनीय है कि शक्ति पाठक शहर के मोहल्ला आजादपुरा की कॉलोनी में निवासरत हैं और सामाजिक कार्यों के प्रति उनकी सक्रियता पहले से ही सराहनीय रही है। उनके मनोनयन से बुंदेलखंड क्षेत्र में महिला अधिकारों से जुड़े मामलों को कानूनी स्तर पर और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। संस्थान के पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं ने शक्ति पाठक को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि उनके नेतृत्व में महिला अधिकार संरक्षण संस्थान का अभियान और अधिक प्रभावी रूप से आगे बढ़ेगा।

### भाजयुमो जिलाध्यक्ष को पितृशोक

**ललितपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष नीतेश संज्ञा, महेश संज्ञा, दिनेश संज्ञा एवं नवदीप संज्ञा के पूज्यनीय पिताजी राधेलाल संज्ञा का उपचार के दौरान भोपाल में आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बताते चलें कि स्व.राधेलाल संज्ञा अपने सरल, मिलनसार एवं सामाजिक स्वभाव के लिए जाने जाते थे। वह अस्वस्थ चल रहे थे, जिनका इलाज भोपाल में चल रहा था। उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। उनके निधन पर जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा सामाजिक संगठनों के लोगों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने की कामना की।

### आरती मीना जिला उपाध्यक्ष नियुक्त

**विदिशा।** एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे व प्रदेश सचिव जयंत अग्रवाल की अनुशंसा पर संगठन के जिलाध्यक्ष पार्थ रघुवंशी ने छात्रा नेता आरती मीना को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर रागिनी मीना, सोहानी शर्मा, हिना मीना, चेष्टा, सानिया, संध्या, कीर्ति, रुद्रांश शर्मा, सोमिल अग्रवाल, कृष्णा सोनी, कोशिश साराठे, रिहान मंसूरी, कार्तिक मालवीय ने बधाई दी है।

### मारपीट के 3 दोषी को एक-एक साल की सजा

**हरिभूमि न्यूज.विदिशा।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शिवानी चतुर्वेदी की अदालत ने मारपीट के प्रकरण में 3 आरोपी दशरथ सिंह (45), लक्ष्मण सिंह (48) और बृजेश अहिरवार निवासी ग्राम पीपलखेड़ा थाना करारिया, को दोषी पाते हुए प्रत्येक को एक-एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। 19 अप्रैल 2020 की शाम फरियादी सुग्रीव अहिरवार घर पर गाना सुन रहा था, तभी आरोपियों ने विवाद कर डंडों से मारपीट की। जिससे उसे और बीच-बचाव करने आए परिजनों को चोटें आईं। घटना की सूचना पर थाना करारिया में एफआईआर दर्ज कर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया।

### जिले में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने का प्रयास

# पुलिस ने जागरूकता अभियान में साइबर अपराध से बचाव करने के तरीके बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




जिले में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और आमजन को सतर्क करने के उद्देश्य से थाना जखौरा की साइबर क्राइम सेल द्वारा बुधवार को साइबर क्राइम जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान एसपी मो. मुश्ताक के निर्देशन में संचालित किया गया, जिसमें थाना क्षेत्र के नागरिकों को साइबर अपराधों के विभिन्न तरीकों और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई।

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने साइबर बुलिंग, ऑनलाइन स्टॉकिंग, फिशिंग, ऑनलाइन ठगी, आइडेंटिटी थेफ्ट सहित अन्य साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही लोगों को डीप फेक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के दुरुपयोग, डिजिटल अरेस्ट जैसे नए साइबर फ्रॉड के तरीकों से भी अवगत कराया गया। पुलिस ने आमजन से अपील की कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और केवल प्ले स्टोर या आईओएस जैसे आधिकारिक प्लेटफॉर्म से ही ऐप डाउनलोड करें। बैंकिंग से जुड़ी कोई भी जानकारी, ओटीपी या पासवर्ड किसी अनजान व्यक्ति से साझा न करने की सलाह दी गई। सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग पर जोर देते हुए कहा गया कि बिना सत्यापन किसी भी पोस्ट को साझा न करें, अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें और सभी सुरक्षा फीचर सक्रिय रखें। इसके अलावा, कॉल के माध्यम से मिलने वाले किसी भी तरह के लालच, ऑफर या धमकी से सावधान रहने तथा सभी डिजिटल अकाउंट और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में मजबूत पासवर्ड और टू-स्टेप ऑथेंटिकेशन अनिवार्य रूप से ऑन रखने की बात कही गई। पुलिस ने बताया कि यदि किसी प्रकार का साइबर फ्रॉड होता है तो पीड़ित तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, पोर्टल या बेवसाइड पर शिकायत दर्ज कराएं। साथ ही नजदीकी थाना या डायल-112 पर सूचना देकर समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित कराएं, ताकि साइबर अपराध के गोल्डन ऑवर में वित्तीय नुकसान को रोका जा सके।

### एटीएम में बुजुर्ग महिला से 40 हजार की ठगी

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में एटीएम के भीतर बुजुर्ग महिला से ठगी का मामला सामने आया है। पिसनारी बाग निवासी 75 वर्षीय महिला के खाते से अज्ञात महिला द्वारा 40 हजार रुपये निकाल लिए गए। पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता पुष्पलता ठाकुर पत्नी महेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 6 फरवरी 2026 को वह एसबीआई बैंक स्टेशन रोड स्थित एटीएम पर पासबुक की एंट्री कराने गई थीं। इसी दौरान वहां मौजूद एक अज्ञात महिला ने चालाकी से उनके बैंक खाते से 40 हजार रुपये निकाल लिए और मौके से फरार हो गई। पीड़िता को घटना की जानकारी बाद में हुई। पीड़िता के अनुसार पूरी घटना एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है, जिसमें संदिग्ध महिला स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। घटना के बाद पीड़िता ने बैंक व पुलिस से शिकायत की। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में ललितपुर 75 जिलों में पहले पायदान पर पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के कुशल नेतृत्व में जिले को एक बड़ी उपलब्धी मिली है, सीएम डैशबोर्ड की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जिले को राजस्व और विकास कार्यों में प्रथम स्थान मिला है, जिससे जिले में अब अन्य जिलों की रैंकिंग में सबसे पहले पायदान पर पहुंच गया है। डीएम की दूरदर्शी सोच के चलते राजस्व एवं विकास कार्यों में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। इसके लिए उन्होंने अपनी प्रशासनिक टीम की प्रसंशा करते हुए इसी लगन से कार्य करने के निर्देश दिये हैं। विकास को परखने के लिए सीएम डैशबोर्ड पर प्रतिमाह कई सूचकांकों पर राजस्व व विकास कार्यों का डाटा अपलोड किया जाता है, जिससे प्रदेश के सभी जनपदों की रैंकिंग निर्धारित की जाती है। इसके लिए प्रतिमाह जिलाधिकारी सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा-निर्देश जारी करते हैं। हालही में डीएम ने कम प्रगति वाले विभागों के अधिकारियों को सुधार का अल्टीमेटम देते हुए प्रगति सुधारने के निर्देश दिये थे, जिसके चलते इस माह जिले को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। यह जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धी मानी जा रही है, जहां रैंकिंग में अभूतपूर्व सुधार देखने को मिला है। इससे न केवल जनपद के विकास को गति मिलेगी, बल्कि जिले में स्थानीय लोगों को रोजगार व स्वरोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। डीएम ने बताया कि प्रदेश की रैंकिंग में ललितपुर को राजस्व व विकास मामलों में प्रथम स्थान मिला है, वहीं विकास कार्यों में दूसरा व राजस्व कार्यों में 5वां स्थान प्राप्त हुआ है। रैंकिंग में अतिरिक्त ऊर्जा, अल्पसंख्यक कल्याण छात्रवृत्ति, उद्यान, ऊर्जा, कृषि, ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियंत्रण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, दुग्ध विकास, दिव्यांग पेंशन, नमामि गंगे, पंचायती राज, सामाजिक वानिकी, प्राथमिक शिक्षा, पशुधन, पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति, मत्स्य, महिला एवं बाल विकास, माध्यमिक शिक्षा, लोक निर्माण विभाग, श्रम एवं सेवायोजन, उद्योग, समाज कल्याण, सहकारिता, सिंचाई सहित अन्य विभागों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 10 में से 10 अंक प्राप्त किये हैं। एडीएम अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि डीएम के निर्देशन में राजस्व व प्रवर्तन कार्यों में तेजी आयी है, जिससे रैंकिंग विगत माहों की अपेक्षा काफी सुधरी है। उन्होंने अपनी टीम में ईडीएम अंशुल खरे व अन्य कार्मिकों का उत्साह वद्र्धन करते हुए कहा कि इसी वेग के साथ राजस्व कार्यों को लक्ष्यों तक पहुचाना है।

# महिला से मारपीट व रंगदारी मांगने और पुलिस पर रिपोर्ट दर्ज न करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

थाना मड़ावरा क्षेत्र अंतर्गत एक महिला ने दबंगों द्वारा घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज, रंगदारी मांगने और शिकायत करने पर धमकाने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस पर भी प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज न करने का आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है।



मड़ावरा कस्बा निवासी पूजा सोनी पत्नी रोहित सोनी ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 25 जनवरी 2026 को वह अपने दो बच्चों के साथ घर पर मौजूद थीं। इसी दौरान पड़ोस के कुछ लोग व एक अज्ञात व्यक्ति उनके घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसके व पति के साथ मारपीट की कर दरवाजा भी तोड़ दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने 5 हजार रुपये की रंगदारी की मांग की। रकम देने से मना करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता का आरोप है कि घटना के तुरंत बाद उन्होंने डायल 112 पर कॉल किया, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी मौके से फरार हो गए। इसके बाद थाना मड़ावरा में शिकायत देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। मजबूर होकर पीड़िता ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई, लेकिन उस पर भी सुनवाई नहीं हुई। आरोप है कि 4 फरवरी 2026 को जब पीड़िता ने उत्तर प्रदेश महिला आयोग में शिकायत दर्ज कराई तो दबाव में आकर स्थानीय पुलिस ने उन्हें थाने बुलाया और शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया गया। पीड़िता ने बताया कि घटना के बाद से पूरा परिवार भय के माहौल में जी रहा है और उनके पति घर से बाहर जाने को मजबूर हैं।

# सोशल मीडिया पर पत्रकारों के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट से रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सोशल मीडिया पर पत्रकारों के खिलाफ अशोभनीय और आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते हुए की गई एक पोस्ट इन दिनों तेजी से वायरल हो रही है। वायरल पोस्ट में पत्रकारों को अपमानजनक शब्द कहे गए हैं, जिससे पूरे पत्रकार समुदाय में भारी आक्रोश व्याप्त है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह पोस्ट फेसबुक आईडी से साझा की गई है, जो पठा के एक युवक के नाम से बताई जा रही है। पोस्ट सामने आने के बाद पत्रकार संगठनों और स्थानीय पत्रकारों ने इसे न केवल पत्रकारिता की गरिमा पर हमला बताया है, बल्कि इसे सामाजिक सौहार्द बिगाडऩे वाला कृत्य भी करार दिया है। पत्रकारों का कहना है कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के खिलाफ इस तरह की अभद्र भाषा निंदनीय है और इससे समाज में गलत संदेश जाता है। उन्होंने मांग की है कि सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर नफरत और अपमान फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकें। मामले को लेकर संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों से संज्ञान लेने की अपील की गई है।

पत्रकार समुदाय ने स्पष्ट कहा है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर किसी भी वर्ग का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषी के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। फिलहाल प्रशासन की ओर से मामले की जांच की बात कही जा रही है। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि पोस्ट किसने और किस उद्देश्य से साझा की, लेकिन पत्रकार समुदाय की एकजुट मांग है कि दोषी को कानून के दायरे में लाकर कड़ी सजा दी जाए।

# लोकल ट्रक भाड़े तय करने हेतु ट्रक ऑपरेटर यूनियन की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

ट्रक ऑपरेटर यूनियन की बैठक गल्ला मंडी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शिखरचंद जैन ने व संचालन आनंद मोहन दुबे ने किया। बैठक में तय किया गया कि हाल्टिंग चार्ज प्रत्येक दशा में लिया जाएगा। ताकि ट्रक ऑपरेटर को नुकसान न हो। बैठक में ट्रक संचालकों ने वर्तमान ट्रक भाड़े को लेकर चिंता जाहिर की। सर्वसम्मति से विभिन्न स्थानों के लिए ट्रकों के भाड़े तय किए गए, यह सूची गल्ला व्यापारियों को दिए जाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान मनमोहन चौबे, अनिल कुमार, गजेंद्र सिंह, इरफान अली, अफसर, मोहसिन, अब्दुल हसन, विंन्द्रावन, धर्मेंद्र कुशवाहा, दीपचंद, जयपाल आदि भारी संख्या में ट्रक ऑपरेटर मौजूद रहे।

### हनुमान जयंती भव्यता से मनाने के लिए तैयारी शुरू

# समिति के पदाधिकारी लोगों से अंशदान और विचार लेने के लिए नगर में जनसंपर्क कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति के तत्वावधान समिति संचालक पं.रमेश कुमार रावत के नेतृत्व में चंडी मंदिर, स्टेशन क्षेत्र में जनसंपर्क व अंशदान लेने हेतु हनुमान जयंती पर्व को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। इसी संबंध में श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति के पदाधिकारी अंशदान व आप सभी के विचार लेने के लिए नगर में जनसंपर्क कर रहे है। नगरवासियों से समिति ने सुझाव भी मांगे हैं ताकि हनुमान जयंती पर्व धूमधाम के साथ मनाया जा सके। इस दौरान समिति अध्यक्ष पं.बृजेश चतुर्वेदी, अशोक पटैरिया, पं.जगदीश पाठक, प्रबंधक हरविंदर सिंह सलूजा, उपाध्यक्ष राजेश दुबे, कोषाध्यक्ष अमित तिवारी, मंत्री राकेश तामिया, पं.मुन्नालाल त्यागी, भरत रिछारिया, अवधेश कौशिक, कृष्णकांत तिवारी, पत्रकार पवन संज्ञा, शिवमोहन रिछारिया, के.के. साहू, आदि मौजूद थे।

# चावल कारोबार में 9 लाख की धोखाधड़ी का आरोप, जान से मारने की धमकी भी दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर।

कोतवाली क्षेत्र में चावल कारोबार से जुड़ी एक बड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। तालाबपुरा निवासी एवं भारती ट्रेडर्स प्राइवेट्स की प्रोपराइटर भारती जैन ने फर्म यश ट्रेडर्स प्राइवेट्स के प्रोपराइटर यश वर्मा तथा ब्रोकर सौरभ जैन के खिलाफ धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता के अनुसार, उनकी फर्म द्वारा चावल मंगाने के लिए ब्रोकर सौरभ जैन के माध्यम से यश ट्रेडर्स को ऑर्डर दिया गया था। आरोप है कि माल भेजने के नाम पर यश वर्मा ने एडवांस राशि की मांग की, जिस पर विश्वास कर 15 सितंबर 2025 को ऑनलाइन माध्यम से 9 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए गए। इसके बावजूद न तो तय शर्तों के अनुसार चावल की आपूर्ति की गई और न ही पूरी रकम वापस की गई। शिकायत में बताया गया कि लगातार मांग के बाद 2 जनवरी 2026 को आरोपियों की ओर से मात्र 50 हजार रुपये वापस किए गए, जबकि शेष 8.50 लाख रुपये हड़प लिए गए। पीड़िता का यह भी आरोप है कि जब शेष रकम और माल की मांग की गई तो आरोपियों ने फोन पर जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### बाइक की टक्कर से महिला व मासूम घायल

**ललितपुर।** थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक सड़क हादसे में महिला और एक वर्षीय मासूम गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना पाली के ग्राम निवाई निवासी गौराबाई पत्नी स्व. जनकू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 29 जनवरी 2026 को शाम करीब 4 बजे वह अपने भतीजे के इलाज के लिए ललितपुर आई थीं। इलाज के बाद वह अपनी दादी गौराबाई तथा एक वर्षीय भतीजे के साथ बाइक से वापस गांव लौट रही थीं। इसी दौरान मसौरा बैरियल के पास सामने से आ रही हीरो डीलक्स मोटर साइकिल (संख्या यूपी 94 डब्ल्यू 0579) के चालक ने तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीनों सड़क पर गिर पड़े, जिससे दादी गौराबाई के पैर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं, जबकि मासूम भतीजे को नाक व शरीर में तथा गौराबाई को हाथ-पैर में चोटें लगीं। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दादी व मासूम को भर्ती किया गया। उपचार के बाद फिलहाल सभी घर पर रहकर इलाज करा रहे हैं। पीड़िता ने बताया कि इलाज में व्यस्त रहने के कारण तत्काल रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई जा सकी। बाद में कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी गई। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

### जिनालय शाखा की बैठक संपन्न

# स्वास्थ्य शिविर के आयोजन की तैयार करें रुपरेखाः श्रेयांस जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

तालबेहट के वासुपूज्य दिगम्बर जैन मंदिर में सोमवार को सायं कालीन बेला में भारतीय जैन मिलन की एक आवश्यक बैठक क्षेत्र क्रमांक 13 के क्षेत्रीय अध्यक्ष वीर श्रेयांस जैन गदयाना की अध्यक्षता एवं राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री अतिवीर सुरेश बाबू जैन एड, राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री अतिवीर महेंद्र जैन पंचमनगर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गयी। इस मौके पर क्षेत्रीय कार्याध्यक्ष अतिवीर ईव नेमिचंद्र जैन ने 15 फरवरी रविवार को जे डी का बाड़ा ललितपुर में आयोजित क्षेत्रीय अधिवेशन की विस्तृत जानकारी दी। अतिवीर सुरेश बाबू जैन एड ने बहुमण्डल एवं वासुपूज्य जिनालय शाखा से समय पर पहुँचकर सक्रिय सहभागिता निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रेयांस जैन गदयाना ने तालबेहट में स्वास्थ्य शिविर लगाने की रुपरेखा तैयार करने का विचार रखा। आगामी क्षेत्रीय अधिवेशन तालबेहट की दोनों शाखाओ के तत्वाधान में कराने पर विचार विमर्श किया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष पुष्पेंद्र जैन, कोषाध्यक्ष प्रवीन कुमार भंडारी एवं कोषाध्यक्ष चक्रेश जैन ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर जैन मिलन के संरक्षक राकेश सतभैया, निर्देशक कपिल मोदी, मुख्य संयोजक हितेंद्र पवैया, विकास जैन, कोषाध्यक्ष जितेंद्र जैन बड़ौरा, स्वतंत्र जैन, आदेश विरधा आदि मौजूद रहे। अंत में जैन मिलन के अध्यक्ष विशाल जैन पवा ने आभार व्यक्त किया।

### उद्देश्य बच्चों को प्रकृति से जोड़ना, पर्यावरण के प्रति जागरुक करना था

# स्कूली बच्चों ने शैक्षिक गतिविधि के अंतर्गत उद्यान भ्रमण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



नगर स्थित स्कूल के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने शैक्षिक गतिविधि के अंतर्गत स्थानीय चंद्रशेखर आजाद उद्यान का शैक्षिक भ्रमण किया। इस का मुख्य उद्देश्य बच्चों को प्रकृति से जोडऩा, पर्यावरण के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें प्रत्यक्ष अनुभव के माध्यम से सीखने का अवसर प्रदान करना था। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधों, फूलों, तितलियों और पक्षियों को करीब से देखा और उनके बारे में जानकारी प्राप्त की। शिक्षिकाओं ने बच्चों को पौधों के महत्व, स्वच्छ पर्यावरण और हरियाली के लाभों के बारे में सरल एवं रोचक तरीके से समझाया।

बच्चों ने झूले, फिसलपट्टी एवं अन्य खेल गतिविधियों का आनंद भी लिया। कार्यक्रम में उद्यान अधिकारी रंजीत यादव का विशेष सहयोग मिला। उद्यानकी में चल रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी और बच्चों को उद्यान को स्वक्ष बनाए रखने का संकल्प दिलाया। प्रबंधक स्वप्निल बरया ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं। इस दौरान शिक्षिकाओं अंकिता पुरोहित, स्वेच्छा जैन, सोनाली खरे, निहारिका लखेरा, अंशिका जैन, ऋषिका चौधरी, कनिष्का तिवारी एवं नैंसी सोनी ने बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा। इस सफल आयोजन के लिए अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन की सराहना की और बच्चों के लिए ऐसे व्यावहारिक अनुभवों को अत्यंत उपयोगी बताया।

### शासन से पत्र जारी होने के बाद प्रशासन ने भी तरेरी आंखें, बैठक कराने सीएमओ पर दवाब

# इधर कोर्ट से नहीं मिली राहत, उधर विस में प्रश्न लगने से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर




बुधवार को हाईकोर्ट में चल रहे प्रकरण में राहत नहीं मिलने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष रेनू राठौर की परेशानी विधानसभा प्रश्न लगने के बाद और बढ़ती दिखाई पड़ रही है। विधानसभा सचिवालय में जानकारी एकत्रित करने के बीच शासन ने सीएमओ आरआर यादव को रेनू राठौर के पॉवर लेस अवधि में विधि संवत कार्रवाई करते हुए परिषद या पीआईसी की बैठक न बुलाने पर सीएमओ को पत्र लिखकर परिषद बैठक नहीं कराए जाने पर नाराज़गी जताते हुए जवाब तलब किया है। नपाध्यक्ष के मामले में शासन द्वारा लिए गए यू टर्न से नपाध्यक्ष की परेशानी बढ़ने के साथ साथ सीएमओ पर भी नपाध्यक्ष रेनू राठौर के हितों की परवाह किए बिना पीसीसी ओर परिषद की बैठक आयोजित कराने का दवाब बन गया है।

श्योपुर विधायक बाबू जंडेल द्वारा विधानसभा में प्रश्न लगाते हुए जानकारी चाही गई है कि नगरपालिका परिषद पी.आई.सी. की बैठक आयोजित किये जाने के क्या नियम प्रावधान है। विगत 06 माह से परिषद की बैठक नही होने का कारण क्या है। हालांकि विधायक की ओर से लगाए गए प्रश्न का जवाब सरकार ने देते हुए 6 माह से परिषद की बैठक नहीं होने की बात तो कही लेकिन माना की नगरपालिका परिषद की अंतिम बैठक माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर द्वारा नगरपालिका 11.08.2025 को आहत हुई थी। 08.10.2025 को अध्यक्ष कार्य करने से रोका गया है जिस कारण आवेदन उपाध्यक्ष द्वारा लिखित रूप से दिया गया था। पार्षदों ने भी बैठक आहूत करने की माग की है। इस संबंध में शासकीय अधिवक्ता ग्वालियर से विधिक राय लेने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है विधिक राय प्राप्त होने पर परिषद बैठक की आगामी कार्यवाही की जा सकेगी। उधर विधानसभा सचिवालय के माध्यम से सहायक संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास एकता अग्रवाल द्वारा सीएमओ से लेकर कलेक्टर तक को पत्र लिखने के बाद प्रशासन सक्रिय हो गया है। कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर जिला शहरी विकास अभिकरण अधिकारी विजय शाक्य ने सीएमओ को लंबा चौड़ा पत्र लिखकर कर लंबे समय तक पीसीसी ओर परिषद की बैठक नहीं बुलाने पर अच्छा खासा पाठ पढ़ा दिया है। उनके पत्र को पढ़ने के बाद ऐसा लग रहा है जैसे प्रशासन इस मामले अब खुद का बचाव करते हुए पूरी जिम्मेदारी सीएमओ पर डालने के प्रयास में है।

#### डूडा प्रभारी ने पढ़ाया नियम का पाठ

डूडा प्रभारी विजय शाक्य ने पार्षद सलाउद्दीन के द्वारा दिए गए आवेदन पर से सीएमओ को पत्र लिखकर पूछा है कि विगत चार माह से अधिक की अवधि व्यतीत हो जाने के बावजूद नगर पालिका परिषद की कोई भी बैठक आहूत नहीं की गई है। परिषद की बैठक न होने के कारण नगर पालिका क्षेत्र में विकास कार्य, स्वच्छता, नागरिक सुविधाएं एवं अन्य आवश्यक सेवाएं प्रभावित हो रही हैं, जिससे नगर में अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो गई है तथा जनसामान्य को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति प्रशासनिक दृष्टि से अनुचित एवं विधिक रूप से अस्वीकार्य है।मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 54 के अनुसार परिषद की बैठक नियत अंतराल पर आयोजित किया जाना एक अनिवार्य वैधानिक कर्तव्य है। अधिनियम के अनुसार परिषद की बैठक न्यूनतम प्रत्येक दो माह में एक बार आयोजित किया जाना आवश्यक है। यह प्रावधान विवेकाधीन नहीं बल्कि बाध्यकारी है, जिसकी अवहेलना अधिनियम उल्लंघन की श्रेणी में आती है। धारा 57 के प्रावधान के अंतर्गत यह स्पष्ट व्यवस्था की गई है कि यदि उक्त लिखित मांग प्राप्त होने के बाद भी अध्यक्ष अथवा उपाध्यक्ष द्वारा निर्धारित समय-सीमा में विशेष बैठक आहूत नहीं की जाती है, तो ऐसी भूति में मुख्य नगरपालिका अधिकारी पर यह वैधानिक दायित्व स्वतः आरोपित हो जाता है कि वह राज्य शासन को सूचित करते हुए स्वयं विशेष, बैठक आहूत करे।

#### इनका कहना है...

पार्षद द्वारा बैठक नहीं कराई जाने संबंधित शिकायत की थी इस संबंध में सीएमओ के माध्यम से सॉलीसीटर जनरल से परामर्श मांगा है। बैठक क्यों नहीं कराई जा रही इस संबंध में सीएमओ से जानकारी मांगी गई है।

**विजय शाक्य**
**जिला शहरी विकास अभिकरण अधिकारी**

नपा अध्यक्ष सत्ता पक्ष की होने के कारण संवैधानिक नियमों को दरकिनार किया जा रहा है। हमने इस मामले में हर स्तर पर शिकायत की है। विधानसभा भी लगवाई है जरूरत पड़ी तो कोर्ट भी जाएंगे।

**सलाउद्दीन बेलिम**
**पार्षद श्योपुर**

### थाने के पास खेल मैदान में लगेगा तीन दिवसीय मेला, होंगे कई कार्यक्रम

# मानपुर में 10 साल से बंद पड़ा महाशिवरात्रि मेला इस बार होगा भव्यता से आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

मानपुर कस्बे में 10 साल से बंद पडा महाशिवरात्रि मेला इस बार भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा। इसके लिए कस्बे के धर्मप्रेमी नागरिकों ने एक बैठक आयोजित करके मेले की तैयारियां शुरू कर दी है। पुलिस थाना प्रांगण में स्थित प्राचीन विश्वनाथ महादेव मंदिर पर आयोजित होने वाला यह धार्मिक मेला थाने के पास मौजूद खेल मैदान परिसर में लगेगा। 15 फरवरी से शुरू होने वाले इस तीन दिवसीय धार्मिक मेले में सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रमों के साथही कवि सम्मेलन और दंगल का आयोजन भी किया जाएगा।

भगवान की शिव की नगरी मानपुर में यूं तो महाशिवरात्रि मेले की परपंरा सालों पुरानी है। यहां वर्ष 2015 तक विश्वनाथ महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि मेला भव्यता के साथ आयोजित होता रहा है। जिसमें मानपुर सहित आसपास के लोग बडी संख्या में भागीदारी करने आते थे। लेकिन 2016 से महाशिवरात्रि मेला लगने की परपंरा किसी कारण से टूट गई है। इसके बाद गांव के धर्मप्रेमी लोग इस परपंरा को फिर से चालू करते तो उन्हें कोरोना संक्रमण की लहर ने इस धार्मिक परंपरा को चालू नहीं करने दिया। जिसके चलते मानपुर में पिछले 10 साल से महाशिवरात्रि मेले का आयोजन बंद पडा था। इसके बाद अब फिर से गांव के कुछ जागरूक समाजसेवी और धर्मप्रेमी लोगों ने सालों पुरानी महाशिवरात्रि मेला लगने की परपंरा को फिर से चालू करने का बीडा उठाया और पिछले दिनों एक बैठक आयोजित करके महाशिवरात्रि पर भव्य धार्मिक मेला आयोजित करने का निर्णय लेकर मेल की तैयारियां शुरू कर दी।

#### मंदिर का जीर्णोद्धार भी हो रहा

थाना परिसर में स्थित भगवान विश्वनाथ महादेव मंदिर अति प्राचीन मंदिर है। जो जीर्णशीर्ण अवस्था में पहुंच गया था। लेकिन अब इस मंदिर का जन सहयोग के जरिए जीर्णोद्धार भी किया जा रहा है। जिसके चलते अब इस मंदिर का स्वरूप पहले से भव्य होता जा रहा है।

#### 15 को एक शाम वतन के नाम, 16 को कवि सम्मेलन तो 17 को होगा रंगारंग कार्यक्रम

मानपुर में फिर से महाशिवरात्रि मेला आयोजित करने के लिए बनी समिति में शामिल समाजसेवी कोमल खंडेलवाल ने बताया कि इस बार महाशिवरात्रि का तीन दिवसीय मेला भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा। थाने के पास मौजूद खेल मैदान परिसर में आयेजित इस मेले का शुभारंभ 15 फरवरी रविवार को भगवान विश्वनाथ महादेव की विधिवत पूजा अर्चना और अभिषेक किए जाने के साथ होगा। इसी दिन सायं सात बजे से एक शाम वतन के नाम सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके बाद मेले के दूसरे दिन 16 फरवरी सोमवार को दोपहर 12 बजे से दंगल एवं नाल उठाओ प्रतियोगिता, रात्रि आठ बजे कवि सम्मेलन तथा तीसरे दिन 17 फरवरी को रात्रि 9 बजे से रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें ममता म्यूजिकल ग्रुप कोटा के कलाकार अपनी एक से बढकर एक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देगे।

#### इनका कहना है...

मानपुर में महाशिवरात्रि मेला लगने की परपंरा काफी प्राचीन है। लेकिन पिछले करीब 10 साल से मेला लगने की यह परपंरा बंद थी। सभी के सहयोग से इस धार्मिक परपंरा को फिर से शुरू करते हुए 15 फरवरी से तीन दिवसीय महाशिवरात्रि मेला आयोजित किया जा रहा है। जिसकी तैयारियां चल रही है।

**लक्ष्मीनारायण आर्य**
**सरपंच प्रतिनिधी, ग्राम पंचायत मानपुर**

# दो चरणों में होगी जनगणना मकान सूचीकरण का कार्य 1 मई से




**श्योपुर।** जनगणना 2027 का कार्य दो चरणो में संपादित किया जायेगा। प्रथम चरण में 1 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण का कार्य संपन्न होगा तथा द्वितीय चरण का कार्य फरवरी 2027 में संपन्न कराया जायेगा। जनगणना के लिए अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। यह बात कलेक्टर अर्पित वर्मा ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला जनगणना समन्वय समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। बैठक में श्योपुर के जनगणना जिला प्रभारी सत्यप्रकाश, डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य, जिला योजना अधिकारी गिर्राज शर्मा, सहायक संचालक शिक्षा यश जैन, अन्वेषक राकेश निगम आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन हेतु व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जायें। जनगणना 2027 में स्व-गणना पोर्टल (एसई पोर्टल) एवं मोबाइल एप (एचएलओ एप) के माध्यम से आंकड़ों का संकलन किया जायेगा। इसी क्रम में मकान सूचीकरण ब्लॉक क्रिएटर (एचएलबीसी) वेब पोर्टल के माध्यम से मकान सूचीकरण ब्लॉक का सृजन किया जायेगा। जनगणना प्रबंधन और निगरानी प्रणाली (सीएमएमएस) वेब पोर्टल के माध्यम से मैनेजमेंट एवं मॉनिटरिंग की जाएगी। जनगणना 2027 में खास बात यह है कि जनगणना की पूरी प्रक्रिया डिजिटल होगी। जनगणना प्रक्रिया में नागरिक स्वयं स्व-गणना पोर्टल पर अपनी जानकारी भर सकते हैं। जनगणना के दौरान गणक के घर आने पर उन्हें यह जानकारी देनी होगी तब इस जानकारी को डिजिटल संकलित करेंगे। कलेक्टर ने बैठक में मकान सूचीकरण ब्लॉक के गठन, भवन नंबरिंग के दिशा-निर्देश देते हुए ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में ब्लॉक निर्धारण के मानदंडों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

#### जनगणना में 33 बिंदुओं पर संकलित की जाएगी जानकारी

जनगणना अधिकारियों द्वारा मकान सूचीकरण के दौरान नागरिकों से 33 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी एकत्र की जाएगी। जनगणना अधिकारियों द्वारा मकान सूचीकरण के दौरान भवन नंबर, जनगणना मकान नंबर, मकान की दीवार, छत और फर्श में प्रयुक्त सामग्री, मकान का उपयोग और स्थिति की जानकारी ली जाएगी। इसके साथ ही परिवार, परिवार में रहने वाले सदस्यों की संख्या, परिवार के मुखिया का नाम, लिंग, सामाजिक वर्ग (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य) से संबंधित विवरण दर्ज किया जाएगा। जनगणना के दौरान पेयजल का मुख्य स्रोत, प्रकाश का स्रोत, शौचालय की उपलब्धता और उसका प्रकार, गंदे पानी की निकासी, रसोईघर एवं उसमें प्रयुक्त ईंधन की जानकारी भी ली जाएगी। इसके अलावा घर में स्नानघर, एलपीजी, पीएनजी कनेक्शन, टेलीविजन, रेडियो, इंटरनेट सुविधा, कंप्यूटर, मोबाइल, स्मार्टफोन, साइकिल, स्कूटर, मोटर साइकिल, मोपेड, कार, जीप या वैन जैसी सुविधाओं और वाहनों की जानकारी भी शामिल है। परिवार द्वारा उपयोग किए जाने वाले मुख्य खाद्यान्न, परिवार में रहने वाले विवाहित दंपत्तियों की संख्या, परिवार के मुखिया का व्यवसाय तथा मकान के स्वामित्व की स्थिति से जुड़ी जानकारी भी जनगणना में दर्ज की जाएगी।

# शनिवार को यूजीसी कानून के समर्थन में दिया जाएगा ज्ञापन

**श्योपुर।** यूजीसी कानून के समर्थन में 14 फरवरी को एससी,एसटी तथा ओबीसी संगठनों के द्वारा रैली निकालकर भारत सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिसमें मीणा समाज श्योपुर की क्षेत्रीय कार्यकारिणी पदाधिकारी व सदस्य भी हिस्सा लेगे। मीणा समाज अध्यक्ष हंसराज नागदा ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया है कि यह विषय हमारे समाज के शैक्षिक, सामाजिक एवं संवैधानिक अधिकारियों से जुडा हुआ है। इसलिए उन्होंने समाजीय लोगों से उक्त कार्यक्रम के दौरान अधिक से अधिक संख्या में अपनी सहभागिता करने का अनुरोध किया है।

#### सेक्टर बैठक आयोजित

**श्योपुर।** नगर विकास प्रस्फुटन समिति की एक बैठक गुरूवार को आयोजित की गई।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक नेहा सिंह ने जन अभियान परिषद द्वारा प्रदेश में चलाए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी प्रदान की साथ ही बताया कि जन अभियान परिषद शासन की कल्याणकारी योजनाओं को समस्त हितग्राहियों तक कैसे पहुंचे उसके लिए नवांकुर संस्थाए, प्रस्फुटन समितियां संपूर्ण जिले में निरंतर कार्य कर रही है। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति को देखते हुए आगामी समय में लाइसेंस शिविर लगाने पर सभी की सहमति बनी। बैठक में सेक्टर प्रभारी नवांकुर संस्था मातृ छाया संस्थान के सचिव भास्कराचार्य टकसाली, समिति की अध्यक्ष ममता मित्तल, मेंटर विप्लव शर्मा, मोना गोयल, सीमा मित्तल, अनुराधा गर्ग, रानी गर्ग सोनू आर्य आदि उपस्थित थे।

#### घर में घुसकर महिला से रेप, आरोपी फरार

**श्योपुर।** विजयपुर थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ घर में घुसकर बलात्कार किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि 24 वर्षीय महिला ने अपने पति के साथ थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 24 अगस्त 2025 को रात्रि के दौरान आरोपी सोनू वघेल ने उस समय घर में घुसकर उसके साथ बलात्कार कर दिया, जब पति किसी काम से घर से बाहर गया था। इस दौरान आरोपी के द्वारा इस बारे में किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। इसलिए वह अब तक चुप बनी रही। लेकिन अब फिर से आरोपी के द्वारा इस तरह की गलत हरकत करने का प्रयास किया गया। पुलिस ने इस मामले में सोनू वघेल के खिलाफ रेप का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में संविदा शिक्षकों की भर्ती का निर्णय

# केंद्रीय विद्यालय पहुंचे कलेक्टर कलर पार्टी से हुई अगवानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर




कलेक्टर अर्पित वर्मा का पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय पहुंचने पर स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं की कलर पार्टी द्वारा आगवानी की गई तथा प्राचार्य पवन सिंह मीणा ने बुके भेंट कर स्वागत किया। कलेक्टर गुरूवार को पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय की प्रबंधन समिति की बैठक में भाग लेने के लिए पहुंचे थे।

कलेक्टर अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित केन्द्रीय विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए बाल वाटिका, पीजीटी, टीजीटी, प्राथमिक शिक्षक सहित अन्य पद संविदा के रूप में, वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से भरने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। कलेक्टर ने विद्यालय परिसर में सौलर पैनल का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही बैठक के दौरान पेयजल हेतु एक आरओ यूनिट लगाने सहित विद्यालय के म्यूजिक डिपार्टमेंट हेतु एक लाख रूपये लागत के वाद्य यंत्र खरीदे जाने के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इसके साथ ही प्ले ग्रांउड में मिट्टी भरकर समतलीकरण कराने, पार्किग शैड का एरिया बढाने तथा प्रायमरी बच्चों के लिए प्ले ग्रांउड जाने डायरेक्ट एप्रोच के लिए सीढ़ियों का निर्माण कराये जाने सहित 4 टेबल एवं 4 अलमारी खरीदे जाने के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई। कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा इस दौरान विद्यालय की जीव विज्ञान, रसायन एवं भौतिक विज्ञान प्रयोगशालाओं का अवलोकन भी किया गया तथा केन्द्रीय बोर्ड की 17 फरवरी से शुरू हो रही परीक्षाओं की व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। प्राचार्य पवन सिंह मीणा ने बताया कि वर्तमान में विद्यालय में लगभग 943 बच्चे है और 44 शिक्षको का स्टाफ है। बैठक में सदस्यगण कैलाश पाराशर, जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य केके कटियार, प्रतिक कुमार टुडेंलकर, श्रुति पाटले, प्रोफेसर डॉ श्रीनिवास शर्मा, डॉ रमेश भारद्वाज, ऋषिराज जागिड, मुनेश मीणा आदि उपस्थित थे।

### रामेश्वर में मनी महात्मा गांधी की त्रयोदशी, बड़ी संख्या में जुटे गांधीवादी

# गांधी ने हमें प्रकृति के साथ जीना सिखाया, वे इंसान और उससे जुड़ी संरचनाओं के संरक्षक थे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर




गांधी एक नाम नहीं अपितु ऐसा विचार है जो सिर्फ मानवीय जीव के संरक्षण तक सीमित नहीं रहा बल्कि की मानवीय जीवन को प्रभावित करने वाली हर गतिविधियों के संघर्ष में शामिल रहे। गांधी ने हमे प्रकृति के साथ जीना सिखाया है। यह बात गुरुवार को त्रिवेणी संगम रामेश्वर घाट पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के त्रयोदशी कार्यक्रम के अवसर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मुख्य अतिथि जल पुरुष राजेंद्र सिंह ने राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि देते हुए कही।

जल पुरुष राजेंद्र सिंह ने "नीर, नदी और नारी" विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि नीर (जल) जीवन का मूल है। जल का संरक्षण ही भविष्य का संरक्षण है।

नदी संस्कृति और सभ्यता की धारा है। चंबल जैसी नदियाँ हमें धैर्य, शुद्धता और निरंतरता का संदेश देती हैं। नारी जीवनदायिनी शक्ति है। जिस प्रकार नदी धरती को उर्वर बनाती है, उसी प्रकार नारी समाज को संस्कार और संवेदना देती है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण केवल तकनीकी कार्य नहीं, बल्कि यह सामाजिक और नैतिक आंदोलन है। "जहाँ नीर बचेगा, वहीं नारी बचेगी; जहाँ नारी सशक्त होगी, वहीं नदी बचेगी।" ग्राम स्वराज और पर्यावरण संरक्षण गांधीजी के स्वप्न के अभिन्न अंग हैं। उन्होंने कहा कि पर्वत श्रृंखलाएं हमारी मां के समान पोशाक करती है अरावली को बचाना चंबल बनास आदि नदियों को बचाना ही प्रकृति को बचाना है प्रकृति को बचाना ही गांधी का उद्देश्य एक संदेश है प्रकृति से ही प्रकृति बचेगी तो ही जीवन बचेगा इसलिए हम सबको अरावली जैसी सभी पर्वत श्रृंखलाओं का भी बचाना बहुत आवश्यक है आवश्यक है। उन्होंने गांधी के मूल तत्वों पर विस्तृत रूप से चर्चा की।

#### गांधी के प्रति विश्वास की झलक दिखती है कार्यक्रम में

चंबल तट पर आयोजित यह गांधी स्मृति दिवस कार्यक्रम गांधीजी के आदर्शों सत्य, अहिंसा, सेवा, समानता, प्रकृति संरक्षण और सामाजिक समरसताकृको पुनः आत्मसात करने का प्रेरक अवसर बन चुका है। अगर यह कहा जाए कि इस आयोजन के माध्यम से गांधी जी के प्रति अटूट विश्वास स्थापित करने का अवसर मिलता है तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। इस दौरान उपस्थित जनसमूह ने संकल्प लिया कि गांधीजी के बताए मार्ग पर चलते हुए जल, नदी, नारी और प्रकृति के सम्मान की रक्षा के लिए सतत कार्य करेंगे।

#### किसने क्या कहा

महात्मा गांधी सेवा आश्रम के सचिव एवं गांधीवादी विचारक रनसिंह परमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि चंबल की निरंतरता और धैर्य हमें सिखाते हैं कि सत्य और अहिंसा का मार्ग अविरल साधना का मार्ग है। पवित्रता एवं आत्मशुद्धि ही सच्ची श्रद्धांजलि है, जैसे नदी स्वयं को स्वच्छ रखती है, वैसे ही हमें अपने विचार और आचरण को निर्मल बनाना होगा। कार्यक्रम के समन्वयक जय सिंह जादौन ने कहा कि गांधी स्मृति दिवस केवल श्रद्धांजलि का दिन नहीं, बल्कि आत्ममंथन और संकल्प का अवसर है। गांधीजी का जीवन हमें सिखाता है कि परिवर्तन बाहर से नहीं, भीतर से प्रारंभ होता है। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डीबाई, बिधायक बाबू जंडेल, मंत्री दर्जा सीताराम आदिवासी, जनपद अध्यक्ष रीना आशीष मीणा ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में भीमसेन शर्मा अतुल चौहान, डॉ गोपाल आचार्य, अनिल सिंह युवराज रावत, रमाशंकर मीणा, डॉक्टर सतीश, रामविलास, सौरभ चौहान, आदित्य चौहान आशीष चौहान, कैलाश पाराशर, लक्ष्मी आर्य, कमलेश खंडेलवाल, कोमल खंडेलवाल, लोकेश तिवारी, राधावल्लभ जांगिड़, योगेश कुमार, रामनरेश, राम दत्त सिंह तोमर, शैलेन्द्र पाराशर, अनामिका पाराशर, बृजेश सविता बिरमदेव गंगाराम रामदयाल सूरज रामचरण, ओमप्रकाश पाराशर, आलोक चौहान सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

#### यात्रा पूरी करने वाले पदयात्रियों का किया सम्मान

श्योपुर से रामेश्वर तक आयोजित 35 किलोमीटर की पदयात्रा का समापन भी किया गया इस पदयात्रा को पूर्ण करने वाले छह यात्रियों रामशंकर (धीरोली), युवराज रावत एडवोकेट (श्योपुर), अनिल चौधरी, डॉ सतीश शर्मा, रामबिलास आत्मसमर्पित बागी, राजेन्द्र रावत ,वीरमदेव एवं रनसिंह परमार का मंच से सम्मान किया गया।

### विभिन्न मांगों को लेकर यूनियन ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने घेरा परियोजना कार्यालय, बोली हम्माली नहीं करेंगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर



देशव्यापी आंदोलन के तहत गुरुवार को जिला मुख्यालय पर भी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं ने प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र अंब को ज्ञापन सौंपा।इसके अलावा स्थानीय मांगों को लेकर भी कार्यकर्ताओं ने आवेदन सौंपते हुए जिला अधिकारी को स्पष्ट बोल दिया है कि टीएचआर केंद्रों तक पहुंचाने के नाम पर कार्यकर्ताओं से जो हम्माली कराई जा रही है वह बंद की जाए। अब हम एक बैग टीएचआर गोडाउन से उठाकर नहीं ले जाएंगी। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि डीपीओ टीएचआर ढुलाई ठेके के नाम पर मोटी रकम अपनी जेब में रख रहे हैं और कार्यकर्ताओं से अपने केंद्रों तक टीएचआर के बैग खुद उठाकर ले जाने का दवाब बनाते हैं। जो कार्यकर्ता बैग उठाकर नहीं ले जाती है उसे सेवा से बर्खास्त करने के नोटिस जारी किया जाता है।

कार्यकर्ताओं ने डीपीओ को स्पष्ट बता दिया है कि अब कोई भी कार्यकर्ता मार्च माह में ऑफिस से टीएचआर नहीं उठायेगी। कार्यकर्ताओं ने बताया कि प्रत्येक सेक्टर में किसी कार्यकर्ता से 100 किसी से 150 किसी से 200 टीएचआर बेग उठाकर केंद्र पर ले जाने का दवाब बनाया जा रहा है, जो नियम विरुद्ध है। कार्यकर्ताओं ने डीपीओ को बताया कि मार्च माह से अगर आगनबाडी केन्द्र तक टीएचआर नहीं पहुंचाया गया तो कार्यकर्ता पोषण ट्रैकर एप पर फर्जी टीएचआर आवाक होना नहीं चढ़ाएंगी। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि उन्हें सुपरवाइजर और परियोजना अधिकारी द्वारा जिला मुख्यालय स्थित स्टोर रूम से बैग उठाकर ले जाने का दवाब बनाने के लिए सेवा से पृथक करने की धमकी दी जाती है मानदेय फर्जी नोटिस देकर मानदेय काटा जा रहा है। माह में एक वार ही टीएचआर भेजे जाने की मांग करते हुए कहा कि इसके लिए फेस कैप्चर उपस्थिति लगाई जाती है और सर्वर डाउन रहने से परेशानी आती है। इसलिए माह में सिर्फ एक बार ही टीएचआर भेजा जाए। साथ ही कार्यकर्ताओ ने आरोप लगाया कि टीएचआर गुणवत्ताहीन मिट्टी मिला हुआ आ रहा है जिससे माताएं नाराज हो रही है।

खुरई फाटक से हींगटी तक बनेगी 3.8 किमी लंबी सड़क, सीएम राइज स्कूल को मिलेगा लाभ

# विधायक सप्रे ने किया 3.28 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क का भूमिपूजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत एसएच-14 खुरई फाटक से लेकर हिंगटी गांव तक बनने वाली 3.8 किलोमीटर लंबी सड़क का भूमि पूजन विधायक निर्मला सप्रे के द्वारा किया गया। जिसकी लागत 328 लाख रुपये (3.28 करोड़) होगी।

यह आयोजन विधायक संकल्प सिद्धि यात्रा के अंतर्गत संपन्न हुआ। भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक निर्मला सप्रे ने कहा विधानसभा की जनता के लिए बेहतर सड़क, बेहतर शिक्षा और बेहतर भविष्य मेरी प्राथमिकता है। संकल्प सिद्धि यात्रा के माध्यम से हम विकास के उन कार्यों को धरातल पर उतार रहे हैं, जिनकी वर्षों से आवश्यकता थी। यह सड़क केवल गांवों को नहीं, बल्कि शिक्षा केंद्रों और नगरीय विकास को भी जोड़ने वाली जीवनरेखा बनेगी। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना और राज्य सरकार की योजनाओं से क्षेत्र में स्थायी विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा यह सड़क केवल ग्रामीण आवागमन की सुविधा तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि शिक्षा, शहरी विस्तार और आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति देगी। उन्होंने आगे कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समय-सीमा पर विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि जनता को शीघ्र लाभ मिल सके। आने वाले समय में बीना विधानसभा क्षेत्र को सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाओं के मामले में एक आदर्श क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

### सीएम राइज स्कूल और नगरीय विस्तार को मिलेगा सीधा लाभ

उल्लेखनीय है कि इसी सड़क मार्ग पर सीएम राइज स्कूल विकसित किया जा रहा है। यह स्कूल करीब 1600 मीटर का हिस्सा बीना नगरीय क्षेत्र में आता है। सड़क के निर्माण से विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों और स्टाफ को सुगम, सुरक्षित और समयबद्ध आवागमन की सुविधा मिलेगी। इससे शिक्षा तक पहुंच आसान होगी और स्कूल की कनेक्टिविटी मजबूत होगी।

### 10 से अधिक गांवों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष लाभ

सड़क के बनने से 10 से अधिक गांवों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलेगा। ग्रामीणों को बाजार, अस्पताल, शैक्षणिक संस्थानों और प्रशासनिक सेवाओं तक पहुंच में सुविधा होगी। किसानों को अपनी उपज मंडियों तक ले जाने में सहूलियत मिलेगी, जिससे परिवहन लागत घटेगी और आय में वृद्धि होगी। साथ ही, क्षेत्र में छोटे व्यापार और स्वरोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। भूमिपूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

श्रद्धालुओं ने अपने जीवन की एक-एक बुराई को पर्ची में लिखकर किया स्वाहा

जीवन में सद्कर्म करने और नेक राह पर चलने का लिया संकल्प

# कथा के समापन पर ज्ञान यज्ञ में बुराइयों को किया स्वाहा




हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

खिमलासा ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय श्रीशिव महापुराण ज्ञान महायज्ञ कथा का समापन हो गया। समापन पर कथा में अनूठा हवन यज्ञ किया गया। इसमें पूर्णाहूति के साथ लोगों ने पर्ची पर अपने जीवन की एक-एक बुराई को लिखकर स्वाहा किया। साथ ही सदा-सदा के लिए उससे दूर रहने का संकल्प किया और जीवन में सद्कर्म करने व नेक राह पर चलने का संकल्प किया। समापन पर कथावाचक राजयोगिनी बीके नीलम दीदी ने आत्मा के मनुष्य से देव स्वरूप, पूज्य स्वरूप बनने के दिव्य ज्ञान का रहस्य बताते हुए कहा कि प्रत्येक मनुष्य आत्मा सतयुग, स्वर्णिम युग में 16 कला संपूर्ण संपूर्ण निर्विकारी होती है।

वह सभी देव स्वरूप में होते हैं। सभी आत्माएं पांचों विकारों से मुक्त, गुणवान, मूल्यवान होती हैं। जन्म-मरण में आते-आते फिर त्रेतायुग में दो कलाएं कम हो जाती हैं और आत्मा सत्व गुणी हो जाती है। यहां सभी मनुष्य आत्माओं में 14 कलाएं होती हैं। इसके बाद द्वापरयुग में आठ कलाएं रह जाती हैं और आत्माएं रजोप्रधान हो जाती है।

इसके बाद आता है कलियुग जहां मनुष्य आत्माएं तमोप्रधान और कलाहीन हो जाती हैं। मनुष्य विषय विकारों से ग्रसित होकर माया के जंजाल में फंस जाता है। ऐसे समय में इस धरा पर कल्प-कल्प अनुसार परमपिता शिव परमात्मा आकर सच्चा गीता ज्ञान देते हैं। वह मनुष्य को देवता बनने की कला सिखाते हैं। परमात्मा राजयोग का ज्ञान देकर आत्माओं को विषय-विकारों, पाप कर्मों से मुक्त कर देते हैं। वर्तमान में वहीं समय संगमयुग चल रहा है। यह वही युग है जब हम कल्प-कल्प के लिए अपने स्वर्णिम भाग्य का निर्माण कर सकते हैं। समापन पर कथा में वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। साथ ही भंडारे का आयोजन किया गया। आभार सेवाकेंद्र संचालिका बीके जानकी दीदी ने माना।

### साईं बाबा के स्थापना दिवस पर कल धूमधाम से निकाली जाएगी रथ यात्रा



बीना। मां जागेश्वरी शक्ति पीठ पर विराजमान साईं बाबा का स्थापना दिवस 14 फरवरी को बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। दिन भर धार्मिक आयोजनों के बाद शाम को शहर के मुख्य मार्गों से रथ यात्रा निकाली जाएगी। आयोजन मां जागेश्वरी सेवा समिति के द्वारा किया जाएगा। जानकारी अनुसार स्थापना दिवस पर सुबह साईं बाबा का अभिषेक, पूजन, सत्यनारायण भगवान की कथा, महाआरती होगी और शाम 5 बजे जागेश्वरी शक्तिपीठ से रथ यात्रा निकाली जाएगी। रथ यात्रा मंदिर से शुरू होकर कच्चा रोड, सर्वोदय चौक, कॉलेज तिराहा, गांधी तिराहा, महावीर चौक होते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंचेगी। रथ यात्रा में भगवान गणेश जी, हनुमानजी और साईं बाबा की प्रतिमा को रथ पर सवार कर यात्रा निकाली जाएगी। बड़ी संख्या में भक्त रथ खींचेंगे। इसमें पालकी, गरबा नृत्य, शिव नृत्य, श्रीराधा कृष्ण नृत्य, ढोल, डीजे शामिल होंगे। **प्रतिमा को दिया जा रहा अंतिम रूप-** रथ यात्रा में शामिल साईं बाबा की प्रतिमा को मूर्तिकार धर्मेन्द्र सकवार द्वारा अंतिम रूप दिया जा रहा है। वही आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों से की जा रही है। परिसर में साफ- सफाई का कार्य हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं कदवाया पुलिस ने पुष्पेन्द्र गुर्जर,पवन गुर्जर, सुरजीत सिक्ख, रणजीत सरदार, कुलविन्दर सरदार के पास से 55 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के मुंगावली थाने की पुलिस ने ग्राम फजलपुर निवासी शिशुपाल बागड़ी के पास 08 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। सेहराई पुलिस ने सिलवारा खुर्द निवासी मंगल सिह आदिवासी के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। इसी गांव के मोहन आदिवासी से भी 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की गई है। ईसागढ पुलिस ने वार्ड नम्बर 6 निवासी रणजीत सिक्ख के पास से 72 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### कोठारखेड़ी गांव के हनुमान मंदिर में चोरी

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ़ थाने के अंतर्गत कोठारखेडी गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने हनुमान मंदिर पर चोरी की घटना को अंजाम दिया, यहां से चोर मुकुट और कुंडल चोरी कर ले गए हैं। इस मंदिर में चोरों ने दोनों गेटों पर लगे तालों को बिजली से चलने वाली मशीन से काटा, यहां बोर्ड भी जला हुआ मिला है। चोरी के इस सामान का वजन 700 ग्राम बताया गया है। घटना की जानकारी तब मिली जब पुजारी सुबह मंदिर पर पहुंचा। तब मंदिर के गेट खुले हुए दिखे और सामग्री गायब थी, पहले भी यहां पर एक चोरी की घटना घटित हो चुकी है।

### 102 श्रद्धालुओं द्वारा 11016 पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया गया

**अशोकनगर।** शिव नवरात्रि एवं हिंदू लोक रीति रिवाज के अनुसार शिव विवाह महोत्सव के पंचम दिवस के अवसर पर 102 श्रद्धालुओं ने अपने-अपने पत्रों में 11016 पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण हुआ। जिसमें शिव विवाह के पुरोहित पंडित महेंद्र मिश्रा ने विधिवत पूजन पांच उपचार से करवाया गया तथा महिलाओं ने भोले बाबा के चंदन लेपन कर चंदन उबटन के गीत गाए। पुजारी किशन लाल मिश्रा ने शिव पंचाक्षरी स्त्रोत का पाठ किया एवं सोडसो उपचार से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करवाया। हिंदू लोक रीत रिवाज से मंडप का सामान एकत्रित किया जिसको हम विवाह में मरदार बोलते हैं मरदार पूजन किया गया। उन्होंने बताया कि भोलेनाथ का आज चंदन लेपन किया गया जिन भगवान शिव शंकर की पूजन करने से पांच देवताओं की पूजन है शिवपूजन का फल कल देवाधिदेव महादेव के विवाह के निमंत्रण पीले चावलों से सभी देवी देवताओं को दिए जाएंगे पूजन के समय सभी देवताओं का सभी रिद्धी सिदियोका निमंत्रण किया जाएगा।

सप्ताह में 3 दिन सेवा की सुविधा मिलेगी

# चंदेरी से पीएम श्री पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा 12 से प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

यह पीएम श्री हेलीकॉप्टर सेवा भोपाल चंदेरी ओरछा के बीच संचालित होगी, इस हेलीकॉप्टर सेवा से चंदेरी के पर्यटन को बहुत बढ़ावा मिलेगा। पीएम श्री पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा का जो शेड्यूल फ्लाई ओला द्वारा जारी किया गया है उसके मुताबिक सप्ताह में तीन दिन रविवार, गुरुवार एवं शनिवार को यह सेवा चंदेरी से मिलेगी।

भोपाल एयरपोर्ट से प्रातः 9:30 पर उड़ान प्रारंभ होगी जो चंदेरी प्रातः 10:40 पर आएगी, चंदेरी से प्रातः 11:20 पर उड़ान भरके ओरछा 11:55 पहुंचेगी, ओरछा से दोपहर 12:35 पर उड़ान प्रारंभ कर चंदेरी दोपहर 1:10 पर आएगी चंदेरी से दोपहर 1:30 से उड़ान भरकर भोपाल दोपहर 2:40 पर पहुंचेगी। पीएम श्री पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा को जेट सर्व एविएशन द्वारा संचालित किया जाएगा, एजेंसी द्वारा जो किराया निर्धारित किया गया है, उसके तहत भोपाल से चंदेरी का किराया 5500 है चंदेरी से ओरछा 2750 रुपए और भोपाल से ओरछा का किराया 6500 निर्धारित किया गया है। साथ ही ओरछा एवं चंदेरी में 10-10 मिनट के दो शेड्यूल निर्धारित किए गए हैं जिनके तहत चंदेरी एवं ओरछा में हेलीकॉप्टर उड़ान भरेंगे और शहर का भ्रमण कराएंगे, उसके लिए 3500 निर्धारित किए गए।

# अशोकनगर में परिवहन विभाग के द्वारा प्रारंभ होगा फिटनेस सेंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिला मुख्यालय का परिवहन विभाग इन दिनों स्टाफ की कमी से तो जूझ ही रहा है यहां सप्ताह में एक दिन ही प्रभारी अधिकारी के रूप में रंजना कुशवाह की उपस्थिति का लाभ मिल पाता है। जिसके कारण स्टाफ की कमी तो है ही परिवहन विभाग में अमले की कमी के कारण वह सब काम नहीं हो पा रहे जिसकी जरूरत है।

जिला परिवहन अधिकारी के रूप में रंजना कुशवाह यहां की प्रभारी अधिकारी हैं, उन पर 3 जिलों का प्रभार है जिनमें शिवपुरी, श्योपुर और अशोकनगर जिला शामिल है, जिसके कारण वह मजबूरी में वुधवार को अशोकनगर प्रवास पर रहती हैं, बाकीं दिन पूरा कार्यालय बाबूओं के भरोसे चलता है, कभी कभी स्थिति यह होती है कि अधिकारी के न आने के कारण जिला मुख्यालय पर आने वाले लोग अपना कार्य पूरा न हो पाने के कारण वापिस लौट जाते हैं। कभी कभी एक ही तारीखों में अलग अलग जिलों में बैठक भी होती है जिसके कारण अधिकारी एक ही बैठक में शामिल हो पाते हैं। उसमें अगर वुधवार का दिन निकल गया तो अगले वुधवार का इंतजार करना पड़ता है, इन सब कमियों के बाद भी यह कार्यालय यहां संचालित हो रहा है। हालांकि पिछले दिनों परिवहन विभाग ने यातायात को लेकर अभियान भी चलाया था और जिले भर के स्कूलों में चलने वाले वाहनों की जांच पड़ताल की गई थी। एक अप्रेल से जनवरी 2026 तक चालानी कार्यवाही कर शासन को 11 लाख 70 हजार रूपए का राजस्व अब तक मिल चुका है। परिवहन विभाग इसके अलावा बिना फिटनेश, बिना परमिट,शर्तों का उल्लंघन, पीओसी न होना, नबंर प्लेट न होना, बीमा न होना इस पर भी शख्त है और कार्यवाही की जा रही है। अभी तक परिवहन विभाग ही वाहनों की फिटनेश की कार्यवाही करता आया है लेकिन अब परिवहन विभाग द्वारा प्रत्येक जिले में फिटनेश सेंटर तैयार किए जा रहे हैं जहां ऑटोमैटिक वाहनों की फिटनेश की पड़ताल होगी। इस तरह की योजना प्रस्तावित है इस योजना के आकार लेने के बाद लोगों को रोजगार भी मिलेगा और ऑटोमैटिक फिटनेश की चैकिंग भी बेहतर तरीके से हो सकेगी। इस सेंटर से प्रमाण पत्र भी प्राप्त होगा। फिटनेश सेंटरों पर टैबलेट के माध्यम से वाहनो के फिटनेश की जांच होगी, इस तरह के सेंटर को तैयार करने में लगभग 4 से 5 करोड़ रूपए की लागत आएगी। मुख्य सड़क मार्ग पर यह सेंटर होना चाहिए जिसके लिए 2 एकड़ भूमि का होना आवश्यक है। इसी प्रकार ड्रायविंग सेंटर भी प्रत्येक जिलों में तैयार किए जा रहे हैं जहां ड्रायविंग सिखाने की सुविधा प्रदान की जाएगी, इस तरह के सेंटर के लिए जिला मुख्यालय अशोकनगर में अब तक दो आवेदन आ चुके हैं। यह सेंटर शहर से बाहर बनाए जाएगें, अभी और आवेदनों का इंतजार है, जिसके बाद इनका चयन किया जाएगा, जिसके माध्यम से लोगों को ड्रायविंग की सुविधा भी मिलेगी, ड्रायविंग का लायसेंस भी प्राप्त हो सकेगा।

# थाना पिछोर पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध शराब की 07 पेटियां जब्त कर आरोपी को दबोचा



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिछोर

पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में लगातार अवैध शराब पर कार्यवाही करते हुये आज दिनांक 12.02.26 को मुखबिर सूचना पर थाना प्रभारी पिछोर द्वारा टीम रवाना की गई, मुखबिर सूचना पर पुलिस नई बस्ती पिछोर पर पहुंची जहाँ एक व्यक्ति देशी प्लेन शराब की पेटियां रखे दिखा जिसे पुलिस व्दारा तत्काल पकड़कर उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम टिंकू उर्फ जयपाल पुत्र सरूप सिंह नरवरिया उम्र 44 साल निवासी नई बस्ती पिछोर थाना पिछोर का होना बताया जिसके कब्जे से कुल 07 पेटी देशी प्लेन शराब प्रत्येक पेटी में 50 क्वार्टर कुल 350 क्वार्टर, मात्रा 63 लीटर शराब, कीमती करीब 24500/- रु. को मौके पर आरोपी के कब्जे से जप्त कर आरोपी टिंकू उर्फ जयपाल नरवरिया को गिरफ्तार किया गया एवं आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 65/26 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय पेश किया गया।

### बरामद माल

01. 07 पेटी देशी प्लेन शराब की प्रत्येक पेटी में 50 क्वार्टर कुल 350 क्वार्टर, मात्रा 63 लीटर शराब कीमती करीब 24500/- रु.

### भूमिका

पिछोर थाना प्रभारी निरीक्षक नीतू सिंह, सउनि कमल सिंह बंजारा, सउनि अरविंद सगर, आर 1054 हाकिम वर्मा, आर. 590 बचान सिंह तोमर, आर. 637 कमल गुर्जर, आर. 425 धर्मेन्द्र लोधी की सराहनीय भूमिका रही है।

### सेहराई कॉलेज में इको क्लब द्वारा पेंटिंग बनाकर दिया गया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**अशोकनगर।** शासकीय सेहराई महाविद्यालय में वुधवार को पर्यावरण संरक्षण विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन ईको क्लब द्वारा पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन तथा आईक्यूएएस के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। उक्त कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ प्रतिभागिता की एवं पर्यावरण के प्रति अपनी सुचिता क्रियात्मक अभिव्यक्ति के साथ चित्रकला में प्रदर्शित की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अतुल गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सबका पुनीत कत्त्तव्य है और वर्तमान में इसकी आवश्यकता भी है, उन्होंने समस्त प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। महाविद्यालय की ईको क्लब प्रभारी डॉ. अंजू सिहारे ने बताया कि प्राचार्य डॉ अतुल गुप्ता के मार्गदर्शन में आज पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित रही।



# बैठक में जिला अस्पताल में रोगियों की सुविधा को लेकर कई निर्णय लिए गए




हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में जिला चिकित्सालय के उन्नयन के संबंध में विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्देश एवं निर्णय लिये गये। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला चिकित्सालय में कराये जाने वाले निर्माण कार्य निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कराया जाना सुनिश्चित करें। शासन स्तर से जो भी अनुमति लेना है, उसके लिए प्रस्ताव भेजे जाएं।

बैठक में चिकित्सालय की भण्डार शाखा एवं औषधि वितरण केन्द्र के सुचारू संचालन हेतु 02 कम्प्यूटर एवं 02 प्रिन्टर क्रय किये जाने,रिकार्ड रूम में रिकार्ड के सुरक्षित संधारण हेतु 20 हेवी रैक क्रय किये जाने, जिला चिकित्सालय में स्थापित वाटर कूलर्स के साथ आर.ओ. (वाटर प्यूरीफायर) की स्थापना,भण्डार शाखा में औषधि एवं सामग्री के सुरक्षित भण्डारण हेतु 20 हेवी रैक क्रय किये जाने, स्वास्थ्य संस्था सुरक्षा समिति के दिशा-निर्देशानुसार चिकित्सालय भवन में सेन्ट्रलाईज्ड (केन्द्रीयकृत) कन्ट्रोल रूम की स्थापना एवं संचालन हेतु 03 एल.ई.डी. टी.व्ही. एवं अन्य सामग्री क्रय किये जाने, ब्लाईंड स्पॉट की पहचान कर 20 अतिरिक्त सी.सी.टी.व्ही. कैमरों की स्थापना,ऑडियोमेट्री मशीन के क्रय की अनुमति, स्टील अथवा मैटल की 03 सीटर 25 चेयर क्रय अथवा दान कराये जाने हेतु चर्चा कर निर्णय लिये गये। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अलका त्रिवेदी, सिविल सर्जन सहित संबंधित उपस्थित रहे।

चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया नमन

# पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजली, कई कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



एकात्म मानववाद के प्रणेता,भाजपा के पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर बुधवार को जिले भर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी के निर्देशन में जिले भर के सभी 778 बूथों पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने पंडित उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी द्वारा मुंगावली विधानसभा के बूथ क्रमांक 151 पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान मुंगावली में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि स्वदेशी और लघु उद्योग भारत की आर्थिक योजना की आधारशिला होनी चाहिए, जिसमें सद्भाव, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय नीति और अनुशासन का समावेश हो। उनका मानना था कि स्वदेशी से ही भारत आत्मनिर्भर बनेगा। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनके बताएं मार्ग पर चलते हुए देश में सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास की भावना को लेकर चलते हुए आत्मनिर्भर भारत बनाने का संकल्प लिया गया है। हमारे पूर्वजों ने जो विकसित भारत का स्वप्न देखा था उसे प्रधानमंत्री पूरा करने की ओर अग्रसर है। आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन। इस दौरान जिला महामंत्री नरेश ग्वाल जिला उपाध्यक्ष दीपक पालीवाल, मनीष मोदी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। जिला मुख्यालय स्थित भाजपा जिला कार्यालय प्लेटफार्म नंबर दो पार्किंग के पास नगर मंडल द्वारा तथा सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय पर पछार मंडल द्वारा पुष्पांजलि का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक जजपाल सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित कर पंडित उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डाला। इस दौरान नगर मंडल अध्यक्ष प्रांजल जैन, पछार मंडल अध्यक्ष सनत शर्मा, धर्मेंद्र रघुवंशी, सलिल त्रिपाठी, रविंद्र लोधी, ऋषि त्रिपाठी, सोनू रघुवंशी, परमवीर बोपाराय, कृष्णा यादव, मयंक भार्गव, संजय श्रीवास्तव, विपुल जैन, बबलू खां, मुकेश ओझा आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।